विद्या भारती पूर्वी उ0प्र0

दूरभाष- 0522-2787951

सरस्वती कुञ्ज, निरालानगर, लखनऊ-226020

Email- vidyabhartipurviup@gmail.com

पत्रांक-05/16-17 दिनांक-16-11-2016

आदरणीय बन्धु,

मंत्री/प्रदेश निरीक्षक/संभाग निरीक्षक जी

विषय- पूर्णकालिकों का अभ्यासवर्ग

आशा है, आप स्वस्थ एवं सानन्द होंगे। पूर्व में निर्धारित योजनानुसार अपने क्षेत्र के मंत्री, प्रदेश निरीक्षक एवं संभाग निरीक्षक बन्धुओं का एक अभ्यास वर्ग निम्नवत् आयोजित है। कृपया पत्र में वर्णित विन्दुओं का सम्यक अध्ययन कर सहभाग कीजिए। प्रदेश निरीक्षक जी से आग्रह है कि इस बैठक की सूचना अपने मंत्री जी तथा सभी संभाग निरीक्षकों को देने का कष्ट करें, साथ ही इस पत्र की प्रति अपने सभी संभाग निरीक्षकों को उपलब्ध करायें ताकि वो कार्यशाला हेतु विषय की तैयारी करके आ सके।

तिथि- 27, 28, 29 दिसम्बर 2016 (26 दिसम्बर की सायंकाल 7 बजे तक पहुँचना है तथा 29 दिसम्बर को सायंकाल वर्ग पूर्ण होने के बाद वापसी)

स्थान- श्री बालाजी मन्दिर, नेमिषारण्य, सीतापुर। निकट- नेमिषारण्य पुलिस चौकी।

अपेक्षा- नित्य उपयोग की सामग्री, आचार्य वेश एवं शाखा वेश (शाखा वेश ऐसा जिसमें शारीरिक/योगासन के कार्यक्रम सुविधापूर्वक कर सकें)

अभ्यासवर्ग की विषय सूची-

(अ) **प्रबोधन के विषय-** • हमारी शैक्षिक दृष्टि • सामाजिक समरसता एवं सामाजिक सद्भाव। • सा विद्या या विमुक्तये।

(ब) **शैक्षिक विषय-** • कुशलताओं का विकास। • शिक्षण विधि एवं तकनीकि। • निरीक्षण कौशल एवं आख्या लेखन।

(स) **व्यावहारिक क्रिया-कलाप-** • स्वप्रबन्धन।

- हमारे कार्य की परिस्थितियाँ- विश्लेषण, निदान एवं समाधान।
- 1. आर्थिक सुचिता एवं पारदर्शिता। 2. निर्णय प्रक्रिया में महिला सहभागिता।
- नित्यव्यवहार की आवश्यक बातें।
- मुक्त चिन्तन एवं सुझाव।

आलोक-1. अभ्यास वर्ग में आने से पूर्व ''विद्या भारती चिन्तन की दिशा'' (लेखक-श्रद्धेय लज्जाराम जी, प्रकाशक, विद्या भारती कुरूक्षेत्र) का पूर्ण अध्ययन करके आइये। अपने क्षेत्रीय कार्यालय में भी यह पुस्तक उपलब्ध रहेगी।

2. अपने इस अभ्यास वर्ग में आदरणीय श्री यतीन्द्र शर्मा, श्री रामकुमार जी- क्षेत्र कार्यवाह तथा श्री अवनीश भटनागर जी का समय प्राप्त होगा।

शेष प्रभुकृपा।

भवदीय

(रामकृष्ण चतुर्वेदी)

मंत्री